तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

## तपते गुजरा आषाढ़, जल संकट गहराया



**बलौदाबाजार।** आषाढ़ माह को समाप्त होने में गिनती के दिन शेष है, किन्तु क्षेत्र में अब तक अपेक्षित बारिश नहीं हुई है, जिससे नदी, नाले एवं कुएं सूखने लगे हैं। बारिश के सीजन में भी लोगों को पेयजल एवं निस्तारी के लिए जल संकट से जूझना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या किसानों के सामने खड़ी हो गई है, खेतों में पानी का पर्याप्त भराव नहीं होने के कारण किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। जिन किसानों के पास बोर नहीं है, वह बोनी और रोपा लगाने के लिए अच्छी बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र की नदियां अब तक सूखी नजर आ रही है नालों में भी पानी नहीं है। अल्प वर्षा और बोर के लगातार चलने से जल स्तर नीचे चला गया है, जिससे नगर के कई बोर फेल हो गए है और लोगों को पेयजल सहित निस्तारी के लिए दिक्कतें आने लगी है।

■ बारिश के बाद भी नदी-नालों में पानी की धार नहीं

# सूखने लगीं खेत, पड़ने लगीं दरारें, सूख रहे पौधे

## बारिश के अभाव में किसान चिंतित, बियासी का काम रूका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

अचंल में लम्बे समय से वर्षा नहीं हो रही है। बारिश के अभाव में धान का पौधे पीले होने लगे हैं। खेतों में दरार पड़ना भी शुरू हो गई है। जुलाई के मौसम में जून माह जैसी गर्मी का एहसास हो रहा है। ज्यादा धूप पड़ने से खेतों की नमी गायब होने लगी है। अधिकांश खेतों में अब दरारें भी पड़ना शुरू हो गई है। इसे लेकर किसान काफी चितिंत है। आया हुआ बादल भी नहीं बरस रहा है, जिसके चलते किसानों की मेहनत पर पानी फिरता हुआ दिख रहा है। किसान हर दिन आसमान की ओर टकटकी लगाये देख रहा है कि बारिश कब होगी और खेतों की प्यास कब बुझेगी। बलौदाबाजार विकासखण्ड में इस बार धान बोआई के समय बारिश होने के बाद अच्छी बारिश अभी तक नहीं हुई है। सूखे के हालात नजर आ रहे हैं। आषाढ़ का महीना बीतने को है, लेकिन जोरदार बारिश अभी तक देखने को नहीं मिली है।



### रोपा लगाने वाले किसानों को हो रही समस्या

किसानों की सबसे बड़ी समस्या रोपा लगाने की है। खेतों में सूख रहे पौधे को बचाने के लिए उनके पास कोई उपाय नहीं है। जहां रोपा लगाये हैं, वहां आसपास पानी सिंचाई की भी व्यवस्था नहीं है, इसलिए उन्हें और भी अधिक चिंता हो रही है। डोंगरा के किसान शिव वर्मा का कहना है कि बारिश नहीं होने से रोपा लगाने वाला धान का पौधा सूख रहा है, एक सप्ताह यदि और पानी नहीं बरसेगा तो निश्चित रूप से धान के पौधे सूख जायेंगे।

**तेज धूप से झुलस रहे पौधेः** मुंडा के किसान मेलाराम रजक, सुमेर वर्मा, संतोष वर्मा, कोलिहा से ललित वर्मा, ओमेश वर्मा, किशोर वर्मा, राजू वर्मा, नीलकंठ, जामडीह से सरवन वर्मा, ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### 13 लीटर शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को ग्राम मुसवाथोडी में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले दो शराब कोचियों को दबोच लिया। इस कार्रवाई में दिनेश कुमार 22 साल निवासी ग्राम मुसवाथोडी थाना सिटी कोतवाली एवं नितेश कुमार 25 साल निवासी ग्राम मुसवाथोडी थाना सिटी कोतवालीको गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल 13 लीटर महुआ शराब जब्त कर उनके विरूद्ध क्रमशः थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया।

### शादी में गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के जैन भवन में भतीजे की शादी में शामिल होने गए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। हाडाबंद निवासी पदुम लाल मरकाम ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को वह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीई 3162 कीमत करीब 10000 रुपए से अपने भतीजे लिलेश मरकाम की शादी में शामिल होने जैन भवन गया था। शाम करीबन 7:30 बजे अपनी मोटर सायकल को मैदान पास हैंडिल लॉक कर भवन के अंदर चला गया। रात्रि करीबन 8:30 बजे बाहर आकर देखा तो मोटर सायकल वहां पर नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 से

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में संचालित कोचिंग नवकिरण अकादमी में पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस को ध्यान में रखते 1 अगस्त 2024 से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। डी. बसंत साव समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षाओं को ध्यान में रखकर पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 अगस्त 2024 से प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं सायःकालीन में शाम 4 से 07 बजे तक क्लास संचालित होगी। अन्य क्लासेस पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं पीएससी मैंस की क्लासेस सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं टेट, सहायक शिक्षक-शिक्षक भर्ती की क्लासेस शाम 4 बजे से 7 बजे तक संचालित हो रही है।

## 4 ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की और 70 हजार समन शुल्क वसूला गया

# ओवरलोड वाहन और बिना परमिट बसों की जांच में चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में चल रहे ओवरलोड वाहनों एवं बिना परमिट के बस चालान करने वाले बस चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है।

ओवरलोड वाहनों के सड़क मार्ग में चलने से सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है तथा इससे सड़क मार्ग को भी काफी नुकसान पहुंचता है। उक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए 4 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 70 हजार समन शुल्क वसूला गया है। कार्रवाई के इसी क्रम में जिले में बिना परमिट के यात्री बस का संचालन करते हुए पकड़े जाने पर 1 बस चालक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 6000 समन शुल्क वसूला गया है। इस प्रकार यातायात पुलिस द्वारा ओवरलोड वाहन एवं बिना परमिट के बस चालान करने वाले कुल 5 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही कर कल 76,000 समन शुल्क वसूल किया गया है।




### शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 चालक पर कार्रवाई

**बलौदाबाजार।** नगर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चालान करने में परिवहन के दौरान निर्णय लेने की क्षमता लगभग समाप्त हो जाती है, जिससे स्वयं एवं मार्ग में चलने वाले अन्य वाहन, राहगीरों के साथ सडक दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन चलाने के बारे में सोचे भी ना। चेकिंग अभियान के इसी क्रम 16 एवं 17 जुलाई को कुल 4 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। इसमें पुलिस द्वारा इन सभी चालकों के वाहन विधिवत जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, इसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाला एक प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यायालय द्वारा संबंधित वाहन चालक को 10,000 का अर्थदंड का आदेश दिया गया है। चेकिंग अभियान में शराब पीकर वाहन चालन करते हुए 3 प्रकरण अभी और शेष हैं जिन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।



# टमाटर हुआ लाल, 100 रुपए किलो तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



महंगाई की मार इन दिनों कीचन का मिजाज बिगाड़ रही है। सब्जियों से लेकर टमाटर के दाम में आग लगी है। वहीं आलू-प्याज भी सब्जी और टमाटर की कीमत के साथ-साथ चल रहे हैं। सब्जियों में स्वाद बढ़ाने वाला टमाटर इन दिनों आम लोगों के बजट से बाहर हो गया है।

■ आलू-प्याज में भी लगी आग, 50 रुपए किलो तक पहुंची प्याज

पिछले दिनों जहां 70 से 80 रुपये किलो में बिका रहा था, अब स्थानीय बाजार में 100 रुपये तक पहुंच गया है। फुटकर व्यापारी इससे कम कीमत पर टमाटर बेचने तैयार नहीं है और उनका कहना हैं कि आने वाले दिनों में इसकी कीमतों में और उछाल आने की संभावना है।

हरी सब्जियों के शौकीन लोगों को टमाटर का स्वाद नहीं मिल रहा है। वहीं गृहणियों के लिए बिना टमाटर सब्जी-तरकारी तैयार करना मुश्किल हो रही है। इसकी वजह यह है कि गैर छत्तीसगढ़ी प्रांत से पहुंच रहे टमाटर की खेप में गिरावट आई है, वहीं स्थानीय बाढियों में भी टमाटर की फसल अभी शुरू हुई है। ऐसे में अगले एक-दो महीने तक टमाटर के दाम में काफी उछाल रहने की संभावना है। 100 टमाटर की कीमत सुनकर ग्राहक उल्टे पांव लौट रहे हैं। टमाटर के अलावा करेला, बरबट्टी, गंवार फल्ली जैसी अन्य सब्जियों की कीमतें भी दिन-ब-दिन बढ़ रही है जिसके चलते सब्जी बाजार में मंदी का माहौल बना हुआ है।



# धोबनी और बेलाडुला में राजस्व शिविर आज

**सारंगढ़/बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ राजस्व अनुविभाग में शनिवार को धोबनी और बेलाडुला में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। भटगांव तहसील के ग्राम बेलाडुला के शिविर में ग्राम तेन्दुदरहा, जमनारडीह, बेलाडूला, गांडापाली, बोईरडीह, शंकरनगर के नागरिक तथा सरसींवा तहसील के धोबनी के शिविर में ग्राम धोबनी, सोहागपुर, लंकाहुडा, किसडा, बैगपाली, कचौदा और पिपरभावना के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्योर् जैसे बी–1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप–जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

# मोदी की गारंटी पूरी करने विष्णु सरकार सायं सायं काम कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

ग्राम भटगांव के मंडी परिसर में मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा व लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी का आम जनता एवं कार्यकर्ताओं का भरपूर आशीर्वाद एवं ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ मतदान सम्मान समारोह में शामिल हुए सांसद, विधायक और ग्रामीण



### गमछा प्रदान कर सम्मान किया

3100 रुपए में धान खरीदी का वादा पूरा किया, और आगे भी मोदी की सारी गारंटी को पूरा करेंगे। विष्णु देव साय की सरकार गरीब किसानों की सरकार हैं, गरीबों का दुख दर्द मिटाने के लिए ही छत्तीसगढ़ में कमल खिला है। कार्यक्रम दोपहर 12 से 2 बजे तक चला। जिला अध्यक्ष सुभाष जलान की नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सभी मंडल के कार्यकर्ताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी को पार्टी का गमछा प्रदान कर सम्मान किया गया।



# जिले में नया कानून एक जुलाई से लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला पुलिस द्वारा नए कानून संहिता के संबंध में बार काउंसिल भाटापारा के अधिवक्ताओं के साथ परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस ने बताया कि 1 जुलाई से भारत में नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गया है। नए कानून के संबंध में पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने, आमजनों, पत्रकारों आदि को जागरूक करने हेतु लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान नए कानून में निहित अधिनियमों, प्रक्रिया आदि की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। पुलिस एवं अधिवक्ता किसी एक नाव के दो महत्वपूर्ण सिरे है। नाव का कोई एक भी सिरा ठीक से काम नहीं किया, तो नाव को संभाल पाना असंभव है। ठीक उसी प्रकार नए कानून के तहत नियमों का पालन, अपराधियों को सजा दिलाने में पुलिस एवं अधिवक्ताओं के मध्य परस्पर जानकारी एवं चर्चाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। उक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुए आज 19 जुलाई को दोपहर के समय जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ जिला पुलिस ने भाटापारा के अधिवक्ताओं के साथ परिचर्चा की

## स्टॉक रजिस्टर खंगाला, नशीली दवाई बिक्री के संबंध में पूछताछ की

# दवाई दुकानों की जांच में पहुंची पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने भाटापारा शहर अंतर्गत दवाई दुकानों की आकस्मिक चेकिंग की। पुलिस एवं ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को शहर की दवाई दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया।

सहायक उप निरीक्षक शिवनारायण कुर्रे एवं भाटापारा शहर पुलिस पेट्रोलिंग टीम के साथ किशोर ठाकुर ड्रग इंस्पेक्टर भाटापारा-सिमगा क्षेत्र के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा शहर स्थित दवाई दुकानों की चेकिंग की गई। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा दवाई दुकानों में उपलब्ध दवाइयां, स्टॉक रजिस्टर आदि की गहन जांच की।

साथ ही मेडिकल संचालकों से संदिग्ध एवं प्रतिबंधित दवाइयां की जानकारी लेने वाले संदिग्ध, असामाजिक तत्वों के संबंध में भी पूछताछ की। चेकिंग के दौरान सभी दवाई विक्रेताओं को प्रतिबंधित एवं नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां, कफ सिरप आदि का विक्रय नहीं करने, बिना डॉक्टरी पर्ची के दवाइयां नहीं बेचने निर्देशित किया गया है।



### आठ दवाई दुकानों में हुई चेकिंग

चेकिंग अभियान में संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा शहर क्षेत्र अंतर्गत कुल 8 दवाई दुकानों की चेकिंग की गई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का कहना है कि प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां का सुखे नशे के रूप में इस्तेमाल की संभावनाओं को पूर्ण रूपेण रुकने हेतु चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। विदित हो कि भाटापारा-बलौदाबाजार ज़िले में बड़े स्तर पर सुखे नशे नशीली मेडिकल दवाइयों का उपयोग व व्यापार संचालित हो रहा है।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# 'जनचौपाल' की शिकायतों पर गंभीर नहीं अफसर, फरियादी बार-बार लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ नाम की जनचौपाल, कागजों पर समस्याओं का निराकरण

आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनचौपाल कक्ष शुरू किया गया है, जहां रोजाना आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन उनके निपटारे में संबंधित अधिकारियों की दिलचस्पी नहीं दिख रही है। इस वजह से आवेदनों का समय पर निराकरण भी नहीं हो पा रहा है और आमजन लगातार अपने आवेदन के निवारण की स्थिति जानने बार-बार कलेक्टोरेट के चक्कर लगा रहे हैं।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिले की जनता की समस्याओं व शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट में प्रतिदिन कार्य दिवस पर जनचौपाल कक्ष का शुभारंभ किया है। इससे पहले सप्ताह में सिर्फ एक दिन जनचौपाल आयोजित किया जाता था, जिसमें कलेक्टर स्वयं लोगों की समस्या व शिकायत सुनकर उनका निराकरण करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते थे, लेकिन लोगों की बढ़ती समस्या व शिकायतों को सुनने के लिए एक दिन कम पड़ता था, इसलिए कलेक्टर ने जनचौपाल कक्ष खुलवाया है, ताकि हर दिन आम लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी जा सकें। इसके लिए अलग-अलग दिन अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई हैं।

कलेक्टर की तरह अधिकारी जनचौपाल में लोगों के आवेदन तो लेते हैं, लेकिन समस्या का जल्द से जल्दा निराकरण कराने के प्रति गंभीरता नहीं बरती जाती है, जिसके कारण आवेदनों से संबंधित विभागों के अधिकारी भी शिकायत व समस्या का निराकरण कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं और परिणाम स्वरूप लोगों को बार-बार जनचौपाल में आकर आवेदन देने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### 3 से 16 जुलाई तक 139 आवेदन 16 निराकृत

चालू माह में 3 से 16 तारीख तक कुल 139 आवेदन मिले हैं। इनमें कलेक्टर जनचौपाल में 90 आवेदन मिले हैं, जबकि जनचौपाल कक्ष में 49 आवेदन आए हैं। इन सभी आवेदनों में सिर्फ 16 का ही निराकरण किया गया है, जबकि अन्य आवेदन लंबित हैं।



*हर दिन औसतन 5 से 10 आवेदनः कलेक्टर की मौजूदगी में होने वाले जनचौपाल में 50 से 70 आवेदन पहुंचते हैं, जबकि इसकी तुलना में जनचौपाल कक्ष में प्रतिदिन 5 से 10 आवेदन ही पहुंच रहे हैं। इनमें भी कई आवेदन ऐसे हैं, जो पहले भी जनचौपाल में आ चुके हैं। इन आवेदनों का निराकरण नहीं होने के कारण इससे जुड़े फरियादी बार-बार जनचौपाल में आकर आवेदन दे रहे हैं।*

### 7 जून से 1 जुलाई तक 190 आवेदन, 135 निराकृत

विभाग के कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार, कलेक्टर जनचौपाल सहित जनचौपाल कक्ष में 7 जून से लेकर 2 जुलाई तक कुल 190 आवेदन पहुंचे थे। इनमें फरियादी शिकायत के साथ समस्या को लेकर भी आवेदन किए थे। इन आवेदनों में 135 आवेदनों का ही निराकरण किया गया है, जबकि 55 आवेदन अब तक लंबित पड़े हुए हैं।

### कागजों में निराकरण

जनचौपाल में ऐसे कई शिकायतें पहुंच रही हैं, जिनका निराकरण सिर्फ कागजों में कर दिया जा रहा है। जून माह के अंतिम दिनों में आरंग क्षेत्र के ग्राम भटिया निवासी एक दंपति ने नल जल मिशन योजना के तहत घर-घर दिए गए नल कनेक्शन में पानी की पतली धार आने तथा गांव के कई लोगों द्वारा पाइपलाइन से अवैध रूप से कनेक्शन लिए जाने की शिकायत प्रमाण के साथ की थी। इस शिकायत के बाद इस मामले में जांच या कार्रवाई करना छोड़ संबंधित अधिकारी ने खानापूर्ति करते हुए कागजों में शिकायत को गलत ठहरा दिए हैं। इस तरह कई शिकायतें है, जिनका निराकरण अधिकारियों ने सिर्फ अपने जवाब में ही कर दिया है।

### जनचौपाल में विलंब से पहुंच रहे अधिकारी

जनचौपाल में लोगों की समस्या को लेकर अधिकारी कितने गंभीर हैं, इसका पता जनचौपाल में उनकी उपस्थिति का समय देखकर लगाया जा सकता है। जनचौपाल में आवेदन लेने का समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक है। गुरुवार को 3 अधिकारियों की ड्यूटी जनचौपाल में लगाई गई थी, लेकिन इनमें से दो अधिकारी गायब मिले, वहीं एक अधिकारी दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर जनचौपाल कक्ष पहुंचे। इस दौरान यहां मौजूद करीब 15 से 20 लोग अधिकारी का इंतजार करते बैठे रहे।

## खबर संक्षेप



### जाल देख मछली के लालच में शराबी की तालाब में डूबने से मौत

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में बूढ़ा तालाब में जाल देख एक शराबी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना गुरुवार देर शाम सवा सात बजे की है। युवक की लाश को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर तालाब से बाहर निकाला है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के पुजारी नगर निवासी बबलू मरकाम की तालाब में डूबने से मौत हुई है। घटना दिनांक को वह शराब के नशे में धुत्त होकर जा रहा था। इसी दौरान मारवाड़ी श्मशान घाट के पास बबलू ने तालाब में मछली फंसाने वाला जाल देखा। जाल देखने पर बबलू को आशंका हुई, जाल में कोई मछली फंसी होगी। मछली पकड़ने के लालच में वह तालाब में कूद गया। तालाब में कूदने पर बबलू मछली पकड़ने वाले जाल में बुरी तरह से फंस गया और वह पानी से बाहर निकल नहीं पाया। उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक युवक के तालाब से बाहर नहीं निकलने पर लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से बबलू की लाश को तालाब से बाहर निकाला।

### वंदना ऑटो से सेंट्रल लाइब्रेरी तक सड़क पर वाहन पार्क, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन-7 नगर निवेश विभाग और मुख्यालय उड़नदस्ता ने यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में सड़क पर वाहन पार्क करने वालों पर कड़ाई बरती। नियम विपरीत गाड़ी पार्क करने पर 7 फर्मों से 80 हजार रुपए जुर्माना वसूला। राजधानी के जीई मार्ग पर वंदना बजाज ऑटो से लेकर सेंट्रल लाइब्रेरी तक सड़क पर फर्म की गाड़ियां नियम विपरीत पार्क किए जाने पर 7 बड़े फर्मों पर 80 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया। इसमें छत्तीसगढ़ ऑटो डील, ओला शोरूम, गरीब नवाज गैरेज, अन्या शॉप से 10-10 हजार रुपये, विदेशी मदिरा दुकान, कार श्रृंगार से 20-20 हजार रुपये और लेंस ट्रेक शॉप से 5 हजार रुपये जुर्माने की वसूली की गई। निजी वाहन सड़क पर नियम विपरीत पार्क करने और गंदगी फैलाने निगम अमले ने कार्रवाई की।

### जाति सरलीकरण में समस्या कलेक्टर से महापौर ने की मुलाकात, सौंपा पत्र

**रायपुर।** जाति प्रमाणपत्र बनाने में आ रही दिक्कत को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्यों के साथ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि जनहित में इस महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखकर जाति प्रमाणपत्र सरलीकरण में दस्तावेजों की जांच कराकर प्रमाणपत्र बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। श्री ढेबर ने उन्हें जाति प्रमाणपत्र सरलीकरण में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति के अध्यक्ष सुंदर जोगी, एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार, अंजनी विभार, पार्षद प्रकाश जगत उपस्थित रहे।

### काशीराम नगर के प्रभावित मठपुरैना में होंगे शिफ्ट

**रायपुर।** रिंगरोड से लगे और केनॉल रोड के समीप स्थित काशीराम नगर में जर्जर 225 मकानों में रहने वाले परिवारों का मठपुरैना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास में विस्थापन होगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने विभागीय अफसरों को इसके लिए निर्देश दिए हैं। निगम कमिश्नर ने गुरुवार को गुरु घासीदास वार्ड पार्षद शीतल-कुलदीप बोगा सहित निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में काशीराम नगर के आवासों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। आयुक्त ने इन मकानों को जर्जर पाया। उन्होंने अधीनस्थ अफसरों से जल्द प्रभावित परिवारों को मठपुरैना में निर्मित पीएम आवास में विस्थापित किए जाने स्थल पर अपनी सहमति दी।

## जिला अस्पतालों की भीड़ कम करने की पहल का ऐसा हाल

# 12 हमर क्लीनिक का निर्माण अधूरा, जहां काम पूरा, वहां भी नहीं मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जिले में शहरी स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी के लिए बनाई गई योजना की सुविधा अभी भी कई क्षेत्र में लोगों को नहीं मिल पाई है। सरकार ने 52 जगह हमर क्लीनिक के लिए बिल्डिंग निर्माण करने के लिए आदेश किया। इनमें से 38 हमर क्लीनिक का काम पूरा हो गया है, जबकि 12 जगह निर्माण अधूरा है। वहीं 2 जगह क्लीनिक के लिए जिम्मेदार जमीन भी तय नहीं कर पाए हैं। इससे लोगों को इलाज की सुविधा के लिए भीड़ का हिस्सा बनना पड़ रहा है।

सरकार ने जनवरी 2023 में लोगों की बेहतरी के लिए 46 तरह की दवाएं हमर क्लीनिक में उपलब्ध कराने के लिए प्लानिंग की गई। इसके लिए बिल्डिंग बनाने के लिए प्रति क्लीनिक के लिए 25 लाख रुपए तय किया, यानी 13 करोड़ में 52 जगह सिर्फ हमर क्लीनिक के लिए भवन बनाने का प्रावधान किया गया। अभी स्थिति यह है कि 38 जगह काम पूरा होने के बाद भी सभी क्लीनिक को जिम्मेदार शुरू नहीं करवा पाए हैं। इससे बीपी व शुगर की जांच करवाने के लिए अभी भी जिला अस्पताल, अंबेडकर अस्पताल और हमर अस्पताल में भीड़ का हिस्सा बनना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने हमर क्लीनिक बनाने की योजना बड़े अस्पतालों में लगने वाली कतार को कम करने के लिए किया था।






### यह सुविधा मिलेंगी क्लीनिक में..

- हर क्लीनिक में एक एमबीबीएस डॉक्टर सहित 4 स्टाफ होंगे।
- सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक, शाम 5 से रात 8 बजे तक ओपीडी।
- हमर क्लीनिक में मरीजों को 46 तरह की दवाएं मिलेंगी।
- किट से रोगियों की 7 तरह की पैथोलॉजी जांच की जाएगी। इसमें एचबी, सिकलिंग, शुगर, एचआईवी, मलेरिया, डेंगू व प्रेग्नेंसी टेस्ट शामिल।

### सेवा की बेहतरी के लिए पहल

हमर क्लीनिक को बड़े सरकारी अस्पतालों में रोज होने वाली ओपीडी की भीड़ को कम करने के लिए शुरू किया भी गया है। कुछ स्थानों पर अभी निर्माण अधूरा है, उसे संज्ञान में लिया जाएगा। जहां काम पूरा है, वहां जल्द ही इलाज की सुविधा दी जाएगी।

**- डॉ. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ, रायपुर

### कहीं निर्माण पूरा कहीं काम बंद

शिवानंद नगर में हमर क्लीनिक बनकर तैयार है, लेकिन लोगों को इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। इसके चलते लोगों को सामान्य बीमारी का इलाज कराने के लिए गुढियारी स्थित हमर अस्पताल में घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। खमतराई स्थित जोन कार्यालय के पास निर्माणाधिन हमर क्लीनिक का काम बंद है। इस तरह की स्थिति जिले में 12 स्थानों पर है। सूत्रों ने बताया कि समय पर फंड नहीं मिलने से एजेंसी ने काम रोक दिया है।

### खर्च से बचाने की गई थी पहल

'हमर क्लीनिक' योजना इसलिए शुरू किया गया, ताकि प्राइवेट अस्पताल में मनमाने फीस व महंगी दवाओं के बोझ से लोगों को राहत मिले। इससे एक ओर जहां मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पतालों में ओपीडी की भीड़ कम करने पहल की गई। वहीं लोगों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से योजना बनाई गई। जहां मौसमी सर्दी, खांसी, बुखार सहित छोटी बीमारियों के इलाज होने से जिला अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा।

## रेल मंत्रालय को लिखा पत्र

# तीन सालों से गायब अंत्योदय एक्सप्रेस को फिर चलाने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ जोन में मार्च 2020 के बाद से नहीं चल रही अंत्योदय एक्सप्रेस

कोरोना में रेलवे ने जिन ट्रेनों का परिचालन रद्द किया था, उनमें से कुछ ट्रेन सब ठीक होने के बाद भी बहाल नहीं हुई है, जिसमें 22895 दुर्ग फिरोजपुर, 14719 बिलासपुर बीकानेर अंत्योदय एक्सप्रेस और 22885/ 22886 टाटानगर लोकमान्य तिलक टर्मिनस अंत्योदय एक्सप्रेस शामिल हैं। मोदी सरकार ने 2017 में एसईसीआर जोन को दो अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी थी, जिसे मार्च 2020 के बाद रेलवे ने रद्द करने के बाद अभी तक बहाल नहीं किया है। आम बजट से पहले अब यात्रियों की मांग है कि रेलवे इन ट्रेनों का परिचालन एक बार फिर से शुरू करे, ताकि आम आदमी के लिए ट्रेनों की सुविधा बढ़ सके। शहर के शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर इसे चलाने की मांग की है। उनका कहना है कि अंत्योदय एक्सप्रेस चलने से कमजोर आर्थिक वर्ग के लिए कम पैसों में अधिकाधिक सुविधा के साथ सुपर फास्ट ट्रेन की सुविधा मिली हुई थी। कोरोना के नाम पर यह ट्रेन अभी तक बंद है।




### कोरोना के बाद नहीं लौटी ट्रेन

कोरोना के बाद जोन की ज्यादातर ट्रेनों को बहाल किया जा चुका है। तीन ट्रेन जो बहाल नहीं हुई, वह भी यात्रियों की महत्वपूर्ण ट्रेन थी। ट्रेनों को रेलवे ने बिना किसी घोषणा के बंद करके रखा हुआ है। यदि इन ट्रेनों को चालू किया जाता है, तो निश्चित रूप से दुर्ग रायपुर भाटापारा से लेकर पेंड्रा रोड अनूपपुर शहडोल तक के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इधर रायगढ़ बिलासपुर रायपुर होकर मुंबई के लिए अंत्योदय एक्सप्रेस मिल जाएगी।

### अंत्योदय एक्सप्रेस की योजना

भारतीय रेलवे द्वारा समाज के सबसे कमजोर वर्ग को ट्रेन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई ट्रेनों की एक विशेष श्रृंखला है। टिकट बुक करने के लिए सक्रिय आरक्षण प्रणाली के साथ ट्रेनें रातभर चलने वाली प्रणाली का पालन करती हैं। ट्रेनों को आधिकारिक तौर पर 2016 में लॉन्च किया गया था।

# मॉनिटर लिजर्ड मारकर मांस बेचते एक युवक गिरफ्तार

■ तीन दिन पूर्व सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति से चार जिंदा मॉनिटर लिजर्ड जब्त किया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ शेड्यूल-1 गोह प्रजाति के सरीसृप के मांस की राजधानी में बड़े पैमाने पर हो रही खरीदी बिक्री

वन विभाग की टीम ने गुरुवार को चंगोराभाठा में एक युवक को शेड्यूल-1 प्रजाति के मॉनिटर लिजर्ड (गोह सांप) को काटते गिरफ्तार किया है। वन विभाग की गिरफ्त में आया आरोपी मॉनिटर लिजर्ड को मारकर उसका मांस बिक्री करने की फिराक में था। युवक को गिरफ्तार कर वन विभाग की टीम ने फिलहाल सिविल लाइंस थाने में रखा है।

आरोपी के खिलाफ शुक्रवार को पीओआर दर्ज कर वनकर्मी शुक्रवार को कोर्ट में पेश करेंगे। रेंज अफसर सतीष मिश्रा के मुताबिक वन्यजीव प्रेमी की सूचना पर चंगोराभाठा की एक बस्ती में छापे की कार्रवाई करते हुए अजय नेताम को मॉनिटर लिजार्ड को मारकर उसकी मांस बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग की टीम कार्रवाई करने पहुंची, ठीक उसके पांच मिनट पूर्व आरोपी मॉनिटर लिजार्ड को मारकर काटने की तैयारी कर रहा था। इस कार्रवाई में वसीम कासर, यशवंत सिंह ठाकुर, अशोक कौशिक, अभिषेक जैन तथा अमृतपाल सिंह की प्रमुख भूमिका रही।



### चार दिन पूर्व चार मॉनिटर लिजर्ड रेस्क्यू किया गया

वन विभाग के अफसरों के मुताबिक सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में एनआईटी कालेज के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से चार मॉनिटर लिजर्ड रेस्क्यू किया था। पूछताछ में अजय ने वन विभाग की टीम को बताया है कि रायपुर के ज्यादातर इलाकों में लोग बड़े पैमाने पर मॉनिटर लिजर्ड के मांस का सेवन कर रहे हैं। अजय जहां रहता है, उस क्षेत्र के ज्यादातर लोग मॉनिटर लिजर्ड के मांस का सेवन करते हैं।

### अंधविश्वास के कारण मांस का भक्षण

मॉनिटर लिजर्ड का मांस खाने से शक्ति बढ़ने का अंधविश्वास है। इसके चलते रायपुर तथा आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लोग इस सरीसृप के मांस को खाते हैं। वन विभाग की गिरफ्त में आए युवक ने टीम को बताया कि उसकी मां लकवाग्रस्त है, इसलिए वह अपनी मां को गोह सरीसृप का मांस खिलाता है। पूछताछ में अजय ने वन विभाग की टीम को बताया है कि उसने तीन सौ रुपए किलो के भाव में गोह को खरीदा है, जिसमें का कुछ हिस्सा वह अपने पास रखने के बाद शेष मांस को छह सौ रुपए में बेच देता।

# बाजारों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने चैंबर ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

■ पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार विकसित करने आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को गांधी सदन में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शहर के बाजारों को स्मार्ट बाजार के तहत मूलभूत सुविधा विकसित करने ज्ञापन सौंपा। इसमें मालवीय रोड में पिंक टायलेट, सदर में सार्वजनिक शौचालय और बंजारी मार्केट में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाने की मांग की।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रमसिंह देव सहित चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर नगर निवेशक निशिकांत वर्मा मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया, शहर के बंजारी रोड, सदरबाजार, मालवीय रोड, स्टेशन रोड, एमजी रोड स्थित बाजारों में प्रदेशभर से लोग आकर खरीदारी करते हैं। लोगों की आवाजाही को देखते हुये ऐसे बाजारों के लिए एक स्मार्ट बाजार की तर्ज पर स्वास्थ्य प्रणाली, परिवहन व्यवस्था, सुरक्षा के लिए बेहतर निगरानी, स्मार्ट बुनियादी ढांचा, बेहतर रोजगार के अवसर और अन्य तरह की दूसरी सुविधाएं शामिल की जाएं।

### मालवीय रोड में पिंक टायलेट, सदर में सार्वजनिक शौचालय की मांग

*चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को अवगत कराया कि शहर के पारंपरिक बाजारों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के लिए पूर्व में जगह भी चिन्हांकित की गई, जो इस तरह से है : -*



- निवेदिता स्कूल के सामने शौचालय के लिए स्थान का चयन
- कटोरा तालाब झूलेलाल सरोवर और इलेवन स्टार ग्राउंड के पास स्मार्ट टायलेट के लिए जगह
- मार्बल मार्केट पचपेड़ीनाका में सुलभ शौचालय की सुविधा
- बंजारी रोड में पुरुष एवं महिलाओं के लिये अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था
- सदर बाजार में सार्वजनिक शौचालय की मांग
- मालवीय रोड में भी पिंक टॉयलेट, एमजी रोड और सिंधी बाजार में महिला एवं पुरुष शौचालय
- शीतला चौक के पास व मिलेनियम प्लाजा परिसर में सुलभ शौचालय
- एमजी रोड, जवाहरनगर, मांगड़ापारा में सार्वजनिक शौचालय, महिलाओं के लिए पिंक टायलेट, भाठागांव, गुढ़ियारी पड़ाव, महादेवघाट, अश्विनी नगर में महिला व पुरुष शौचालय निर्माण।

■ बरसात में संक्रमण के खतरे को लेकर कलेक्टर से शिकायत


# सरोरा में पेपर मिल के केमिकल से दूषित हो रहा बोर का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरोरा-गोंदवारा मार्ग के पास स्थित एक पेपर मिल प्रबंधन द्वारा केमिकल युक्त एसिड पानी को खाली जमीन पर छोड़ा जा रहा है। इससे बजरंग नगर बस्ती के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले को लेकर कलेक्टर से जुलाई में शिकायत की गई है। इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से बस्ती में बोर का पानी भी दूषित होने लगा है।

बिरगांव निगम के सरोरा वार्ड में ईश्वर पेपर मिल से निकलने वाले केमिकल व एसिड युक्त पानी को खाली जमीन पर छोड़ने की शिकायत 15 जुलाई को यशवंत निर्मलकर ने की है। इसमें बताया गया है कि कई बार जिम्मेदारों को इसकी रोकथाम के लिए आग्रह किया गया, इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। इससे बस्ती में 2 हजार से ज्यादा परिवारों की सेहत का खतरा बना हुआ है, जो निगम द्वारा करवाए गए बोर के पानी का इस्तेमाल करते हैं। कंपनी प्रबंधन द्वारा छोड़े जा रहे दूषित पानी से अब भूमिगत जल का उपयोग करने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ने लगा है।



### मामले को संज्ञान में लेंगे

*अगर केमिकल युक्त पानी के कारण भूमिगत जल दूषित होने की शिकायत है, तो क्षेत्र का लोकेशन दीजिए, मामले को संज्ञान में लिया जाएगा। इसके लिए जिम्मेदारों को कार्रवाई के लिए निर्देशित करूंगा।*

*- गौरव सिंह, कलेक्टर, रायपुर*

### पानी की जांच कराने की मांग

बजरंग नगर के लोगों की समस्या को देखते हुए शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से बस्ती में करवाए गए बोर के पानी की जांच करवाने की मांग भी की है। बताया गया है कि खाली जमीन पर केमिकल युक्त पानी छोड़ने से क्षेत्र में पेयजल का स्वाद बिगड़ने लगा है। बोर के पानी का उपयोग बस्ती में संचालित सरकारी स्कूल के करीब 500 बच्चे भी करते हैं। इससे दूसरे वार्ड व मोहल्ले से आने वाले बच्चे भी बीमार होते हैं। इसे देखते हुए जनहित में शिकायत करने का जिक्र किया गया है।

# जैतखाम तोड़े जाने की न्यायिक जांच शुरू, आयोग के अध्यक्ष पहुंचे घटनास्थल, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ बलौदाबाजार कलेक्टर-एसपी से ली घटना के संबंध में जानकारी

अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने की जांच औपचारिक तौर पर आज से शुरू हो गई है। घटना की जांच करने न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से घटना के संबध में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर पहुंचकर अपर कलेक्टर कार्यालय में दस्तावेज देखे एवं अपर कलेक्टर को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इसके बाद श्री बाजपेयी ने ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में स्थित जैतखाम तोड़े जाने वाले घटना स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा, बलौदाबाजार में ही जांच आयोग की सुनवाई होगी, इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में कक्ष आबंटित कर दिया गया है। कक्ष क्रमांक 1 को सीबी बाजपेयी, सेवानिवृत्त न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, कक्ष क्रमांक 2 न्यायालयीन उपयोग के लिए एवं कक्ष क्रमांक 3 न्यायिक जांच आयोग के स्टॉफ के लिए आबंटित किया गया है। उन्होंने कहा, सभी पक्षों से शपथपत्र में जानकारी ली जाएगी, इसके बाद बयान और प्रति परीक्षण की कार्यवाही होगी। उल्लेखनीय है कि 10 जून को बलौदाबाजार आगजनी के मामले में प्रमुख आरोपी सहित 163 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूरे घटनाक्रम को लेकर जिला पुलिस ने धरना प्रदर्शन के दिन के वीडिया फूटेज देखकर अरोपियों की पहचान कर पुलिस ने रिमांड में लिया है। उनसे पूछताछ के बाद कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं कई अन्य प्रत्यक्षदर्शियों का बयान दर्ज कर रही है।

## खबर संक्षेप



### सेंट पॉल स्कूल में समृद्धि का सम्मान

**रायपुर।** स्थानीय सेंट पॉल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रा समृद्धि यादव का सम्मान किया गया। इसके बाद इस प्रदर्शनी में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वालों की जीवनी एवं जीवन परिचय को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन तथा सेंट पॉल स्कूल के छात्र शामिल हुए। इसी दौरान स्कूल के प्राचार्य ने इस प्रदर्शनी का मनोबल बढ़ाने के लिए सुरेश मिश्रा, धर्मेंद्र पांडे, राजेंद्र उमठ, पीआर अहीर, चंद्रकांत पांडे, शंकर नायडू, महेश वर्मा, राष्ट्रीय सदस्य अशोक एवं समष्टि यादव को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

### एहतेशाम को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने एहतेशाम हुसैन को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय बिजनेस स्टडीज संकाय के अंतर्गत 'इम्पैक्ट ऑफ बजट ऑन सोशियो इकानॉमिक डेवलपमेंट ऑफ छत्तीसगढ़ इंडिया' रहा। उन्होंने उनका शोधकार्य एचओडी डॉ. उमेश गुप्ता के निर्देशन में पूर्ण किया। वे सीआईडीसी के अनीस अहमद बारी एवं बेनजीर बारी के पुत्र और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रबंधक आफताब हुसैन के बड़े भाई हैं।



### लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष भूपेश ने लगाई याचिका

**रायपुर।** राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय पर महादेव सट्टा एप को लेकर लोकसभा में गलतबयानी का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के समक्ष याचिका प्रस्तुत की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि न्याय मिलेगा और सांसद अपने बयान के साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के वकील सुमीर सोढ़ी ने भूपेश बघेल की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर सांसद संतोष पांडेय द्वारा 2 जुलाई को सदन में महादेव सट्टा एप को लेकर दिए गए बयान के संबंध में एक याचिका प्रस्तुत की है।

### कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में भूपेश पड़े अलग-थलग

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस पार्टी में मचे घमासान के चलते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अलग-थलग पड़ गए हैं। सत्ता में रहते हुए सत्ता व संगठन में तालमेल नहीं रहने के कारण कांग्रेस पहले भी कई गुटों में बंटी नजर आ रही थी और हालात आज भी वही, या कहें कि उससे भी बदतर हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस की यह अंदरूनी तकरार अब मौके-बेमौके खुलकर सामने आ रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, सत्ताकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल के बीच की अंतर्कलह हो या फिर जयसिंह अग्रवाल के साथ मनभेद हो, आज के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मंत्री कवासी लखमा का मनमुटाव हो, कांग्रेस संघर्ष से उबरने का नाम ही नहीं ले रही है।

### अंतर्राज्यीय गैंगस्टर राज्य में पैर पसार रहे सरकार बनी मूकदर्शक

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा और सरकार में बैठे हुये लोगों को कानून व्यवस्था ठीक लग रही है। बलात्कार, लूट, चाकूबाजी, चेन स्नेचिंग, गुंडागर्दी की खबरें रोज आ रही हैं। गैंगवार हो रहे हैं, दिन दहाड़े गोलियां चल रही हैं। भाजपाई दृष्टिदोष का शिकार हो गये हैं। उन्हें आम आदमी की परेशानी दिखाई नहीं पड़ रही है। अंतर्राज्यीय गैंगस्टर राज्य मे पैर पसार रहे हैं, सरकार है कि मूकदर्शक बनी हुई है।

# सावन सोमवार में सर्वार्थ सिद्धि योग दुर्लभ संयोग व लाभकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी**

इस वर्ष पहला और आखिरी श्रावण मास सोमवार पड़ने से अत्यंत शुभ और सवार्थ सिध्दि का योग बन रहा है, जो भक्तों के लिए यह श्रावण मास अत्यंत शुभकारक है। प्रथम श्रावण सोमवार 22 जुलाई को श्रावण मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा पार्थिव शिव पूजन प्रारंभ होगा, द्वितीय सोमवार 29 जुलाई श्रावण मास कृष्ण पक्ष नवमीं तिथि, 5 अगस्त तृतीय सोमवार श्रावण शुक्ल पक्ष प्रथमी तिथि, 12 अगस्त चतुर्थ सोमवार श्रावण मास शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि तथा आखिरी व पंचम सोमवार 19 अगस्त को श्रावण मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि श्रावणी पड़ेगा। इस दिन भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन त्यौहार है।श्रावण मास के महत्व को नगर पुरोहित आचार्य राहूल महराज ने भगवान महादेव को परम प्रिय श्रावण मास में प्रभु की पूजा अर्चना का विशेष महत्व बतलाया है। श्रावण सोमवार व्रत करने से समस्त मनोकामना पूर्ण होती है, मनुष्य अपने सुखमय जीवन के लिए सोमवार व्रत करते हैं महिलाएं अच्छा जीवन साथी की प्राप्ति के लिए भी यह उत्तम व्रत का प्रतिपादन करती हैं। इसी श्रावण माह में अनेक व्रत और त्यौहार आते हैं। श्रावण के सोमवार के दिन सच्ची निष्ठा और साफ मन से की गई भगवान शिव की पूजा से शिवजी मन की इच्छाओं को पूरा करते हैं। गरुड़ पुराण में भी इस बात का उल्लेख हैं कि सावन के सोमवार को भगवान भोलेनाथ अत्यंत दयालु होते हैं और इस दिन भोलेनाथ से मांगी हर मनोकामना पूर्ण होती हैं। सावन के इन्ही सोमवार को कई राक्षसों ने भी भगवान शिव से अनेक वर हासिल किए थे।

## 22 जुलाई को श्रावण मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा पार्थिव शिव पूजन प्रारंभ होगा

### ये करने से भगवान शिव होते है प्रसन्न

श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग निर्मित कर रुद्रष्टाध्यायी के पावन पाठ के साथ रुद्राभिषेक करने से–धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष यह तत्काल मनोकामना पूर्ति करने वाला होता है। शास्त्रानुसार भगवन शिव को प्रसन्न करने के लिए रुद्राभिषेक से बढ़कर कोई अन्य पूजा नहीं है। घृत, शक्कर का भोग समर्पित करे, मांस, मदिरा आदि चीजों से दूर रहें, ब्रम्हचर्य का पालन करें, केतकी के फूलों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। कहा जाता है कि केतकी के फूल चढ़ाने से भगवान शिवजी नाराज होते हैं। इसके अलावा, तुलसी को कभी भी भगवान शिवजी को अर्पित नहीं किया जाता। साथ ही शिवलिंग पर कभी भी नारियल का पानी नहीं चढ़ाना चाहिए। भगवान शिवजी को हमेशा कांस्य और पीतल के बर्तन से जल चढ़ाना चाहिए। कावड़ यात्रा कर भगवन शिव की पूजा करनी चाहिए ।



### श्रावण सोमवार पूजन विधि

सोमवार को सबसे पहले आप सुबह जल्दी उठ कर और स्नान कर पवित्र होकर सफेद वस्त्र धारण कर शिव मंदिर पहुँचे। जहाँ शिवलिंग पर जल,पंचामृत से स्नान करवाएं। इस स्नान के बाद गंगा जल या शुद्ध जल से पुनः शिवलिंग को स्नान करवाएं। अब शिवलिंग पर अक्षत, रोली, चंदन, अबीर, गुलाल, भस्म, सफेद चावल, यज्ञोपवीत, ताम्बूल, बिल्व पत्र, कनेर, धतूरा पुष्प,शमीपत्र धूप, दीप, श्रीफल, ऋतुफल, भांग, गांजा इत्यादि अर्पित कर आरती करें, क्षमा प्रार्थना करें।

# शिविर में मिले 186 आवेदनों में से 136 का मौके पर निराकरण

**कलेक्टर ने कहा शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को मिले**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

मुख्यमंत्री सुशासन के संकल्पों के अनुरूप बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम रसेड़ा में पहले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गांव के हाई स्कूल परिसर में किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिक सहित आस पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित कुल 186 आवदेन प्राप्त हुए जिसमें से 136 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया है। साथ ही बचे हुए 50 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्यमंच से योजनाओं से लाभांवित किया गया। इसमें मुख्य रूप से कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को अरहर बीज, 5 को उड़द बीज, 5 मृदा स्वास्थ्य पत्रक, 5 को पीएम किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 1 आईस बाक्स,1 मछली जाल, खाद्य विभाग द्वारा 14 नए राशन कार्ड, 3 को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 आयुष्मान कार्ड, 3 को सिकलिंग कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 व्हील चेयर,3 बैशाखी एवं 2 छड़ी बुजुर्गो को प्रदान किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 6 बच्चों का अन्नप्राशन कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, धनेश्वरी यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, उपाध्यक्ष ईशान वर्मा, गांव के सरपंच कृपाण साहू, पूर्व सरपंच रसेड़ी सेवक राम साहू,सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

शिविर में पहुंचे रसेड़ी निवासी हेमंत साहू ने अपनी बेटी सोनिया साहू के लिए आय, जाति एवं निवास हेतु आवदेन किया जिस पर उन्हे तत्काल प्रमाण पत्र बनाकर मुहैया कराया गया। तत्काल प्रमाण पत्र मिलने पर उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है.इसी तरह रसेड़ा निवासी श्याम लाल चतुर्वेदी को आयुष्मान कार्ड मिलने पर प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की अब इलाज के लिए पैसों की चिंता नही सताएंगी। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर बी आर ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**रसेड़ा में आयोजित हुआ पहला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर**



### प्रशासन द्वारा 35 विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया

इसके पूर्व विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने,किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सम्बंधित विभाग में संपर्क करने का सुझाव संबधित जानकारी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी.कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। कुछ के लिए समय–सीमा निश्चित कर समाधान करने,कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। शिविर स्थल में जिला प्रशासन द्वारा 35 विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया था जिसमें अपने अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी आमजनों की दी गई, जैसे कृषि विभाग के द्वारा संचालित कृषक हितैषी योजनाओं का बताया गया लाभ व राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को खाद–बीजों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी– दस्त, पेट–दर्द, हीमोग्लोबिन,शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के कुल 24 नए फार्म भरे गए व 9 आयुष्मान कार्ड धारकों को तुरन्त आयुष्मान कार्ड मुहईया करवाया गया,शिविर में ग्रामीणों की सिकलसेल 25 जांच किये व 3 सिकल सेल काडोंर् का वितरण त्वरित किया गया। इसी तरह आयुर्वेद विभाग द्वारा काढ़ा का वितरण भी किया गया।

# पंडरी, तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे खेलों की प्रैक्टिस करने मिलेगा स्थान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- नगर निगम तैयारी में जुटा, आयुक्त ने बाक्स बैडमिंटन कोर्ट का किया निरीक्षण
- युवाओं को क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल खेलने में होगी आसानी

मेट्रो सिटी की तर्ज पर रायपुर शहर में डेढ़ दर्जन स्थानों पर युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने नगर निगम खेल अभ्यास करने सुरक्षित स्थान उपलब्ध करायेगा। पंडरी और तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल प्रेक्टिस के लिए जगह दी जायेगी। इसके लिए बाक्स बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को पंडरी व तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे युवाओं के लिए तैयार किये जा रहे बैडमिंटन कोर्ट के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को बचे फिनिशिंग कार्य को जल्द पूरा कराने निर्देश दिये। इसके साथ ही सर्विस रोड के किनारे सफाई करवाकर वहां आने वाले युवाओं के वाहन पार्किंग की व्यवस्था बनाने की हिदायत दी। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन कमिश्नर राके शर्मा, रमेश जायसवाल, संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास, राकेश अवधिया, संजय वर्मा, राजेश राठौर उपस्थित रहे।

# बच्चे बिगड़ रहे, स्कूल नहीं जाते, बच्चियों से छेड़खानी शराब दुकान हटाने गांव की महिलाएं हुईं एकजुट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- छोटे उरला अभनपुर की महिलाओं ने शराब दुकान हटाने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

रायपुर जिले के अभनपुर ब्लाक के छोटे उरला गांव की महिलाओं ने गांव में संचालित शासकीय शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर गुरुवार को अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है।

महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान के कारण गांव के बच्चे बिगड़ रहे हैं, वहीं बच्चियों से छेड़खानी भी होती रहती है। महिलाओं ने दुकान को तत्काल दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की है। महिलाओं ने बताया कि उनकी मांग पर अपर कलेक्टर ने समस्या का जल्द निराकरण करने उन्हें आश्वासन दिया है।




### गांव में सिर्फ प्रायमरी स्कूल, वह भी 3 किलोमीटर दूर

*छोटे उरला गांव की करीब 25-30 महिलाएं एकजुट होकर कलेक्टोरेट पहुंची थीं। इनमें शामिल चमेली साहू, रमा यादव, यशोदा, चंद्रकुमारी ने बताया कि गांव में सिर्फ प्रायमरी स्कूल है, वह भी गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर है। इस स्कूल के पहले शासकीय शराब दुकान है। बच्चे इस शराब दुकान से गुजरकर स्कूल जाना-आना करते हैं। इस दौरान शराब दुकान के पास शराबी कई बार बच्चियों तथा महिलाओं से छेड़खानी भी कर चुके हैं। यही नहीं, शराब पीने के बाद खाली बोतलें शराब दुकान के पास ही फेंक दी जाती हैं। इन खाली बोतलों के कारण कई बार बच्चे स्कूल भी नहीं जाते। खाली बोतल को बीनकर बच्चे उसे बेचने के लिए कबाड़ी दुकान चले जाते हैं। कुछ बच्चे तो बोतल में बची थोड़ी शराब तक पी चुके हैं। महिलाओं की मांग के समर्थन में सामाजिक संगठन डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन ऑल इंडिया की जिला प्रभारी मधु साहू, जितेंद्र साहू,नंदकुमार साहू सहित अन्य सदस्य भी कलेक्टोरेट पहुंचे थे।*

# अवैध कब्जा हटवाने निगम आयुक्त सड़क पर सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका तक पैदल भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

शहर में एक अरसे बाद निगम अमला सड़क के दोनों ओर अवैध कब्जा कर सड़क यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ एक्शन मोड में नजर आया। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा विभागीय अफसरों के साथ टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका तक पैदल चले। इस दौरान जोन 6 के नगर निवेश विभाग ने 5 बड़े फर्मो पर 1 लाख 5 हजार रुपए जुर्माना किया। 8 संस्थानों से गंदगी फैलाने पर 21,500 रुपये जुर्माना लगाया। राजधानी के टिकरापारा सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका चौक तक सड़क के दोनों ओर ठेला-खोमचा, गुमटी लगाने और सड़क कब्जा कर गाड़ियों की अवैध पार्किंग करने वालों पर निगम अमले ने कड़ाई बरती। इस दौरान नालियों पर किये कब्जों को हटाया गया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दोनों ओर की सड़क को पूरी तरह कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही यातायात पुलिस के साथ मिलकर तत्काल करने के निर्देश दिये। आयुक्त के आदेश पर जोन 6 अमले ने 5 बड़े फर्मो से सड़क बाधा शुल्क वसूलने की कार्रवाई की। इनमें संजय गोयल पर 10 हजार रुपये, आरसन आटो पर 20 हजार, बाफना मोटर्स पर 30 हजार रुपये, एसके ट्रेडर्स पर 5 हजार और एलन कोचिंग पर 40 हजार रुपये रुपए इस प्रकार कुल 1,05000 रुपये का जुर्माना सड़क बाधा शुल्क के रूप में वसूला गया। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के निर्देश पर जोन 6 नगर निवेष विभाग विभाग ने जुर्माना वसूल किया।

## पेज 9 के शेष

### सूखने लगीं खेत...

रेशम वर्मा, हेमंत वर्मा, लोमस वर्मा, जुड़ा से पारस वर्मा, पूलश वर्मा, मुन्ना, डॉ. विश्राम, सरवड़ी से तुलसी वर्मा, फूलेश वर्मा, पूरन वर्मा, कौहरौद से पन्ना रजक, श्रीराम रजक ने बताया कि जुलाई माह का दो सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक केवल नाम मात्र की बारिश हुई है। धूप और उमस के चलते फसलों पर बूरा प्रभाव पड़ रहा है। पौधे झुलसने लगे हैं। ऐसे में लोगों को सूखे की आहट भी दिखने लगी है। यदि सूखा पड़ा तो निश्चित रूप से किसानों की क्षति होगी और फसलों का उत्पादन भी बुरी तरह से प्रभावित होगा।

मौसम विभाग के माने तो मानसून आने के बाद से जितनी बारिश हो जाना चाहिए, उस हिसाब से बारिश नहीं हो पायी है। खेती के अनुकूल बारिश अभी तक नहीं हो पाई है। किसान खेती कार्य में पिछड़ रहे हैं। किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है। बारिश होने पर खेती–किसानी कार्य में तेजी आयेगी। वहीं, मजदूरों को काम भी मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। फिलहाल किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है।

### मोदी की गारंटी ...

सम्मान प्राप्त हुआ है। इसलिए मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए मतदाता सम्मान समारोह रखा गया है। आज मैं नगर भटगांव में उन सब मतदाताओं व हमारे कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं व सम्मान करता हूं। उन्होंने देश की इतिहास में भारतीय जनता पार्टी का नाम रोशन कर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया और राज्य के साथ–साथ केंद्र में जो सरकार बनी, उसमें सबसे बड़ा योगदान हमारें मतदाताओं का है। सांसद कमलेश जांगड़े ने मतदाताओं से कहा कि आप सबका प्यार है, दुलार हैं, जो जांजगीर चांपा लोकसभा सीट पर विजय श्री मिली। जांजगीर–चांपा लोकसभा सीट के पूरे आठ विधानसभा में कांग्रेस के विधायक चुने गए हैं, फिर भी इस सीट पर कमल खिला, तो सिर्फ और सिर्फ आप सब की मेहनत लगन और मतदाताओं के प्यार से संभव हुआ। धरसीवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज आपके नगर में हम सब धन्यवाद ज्ञापित करने आए हैं। कार्यकर्ताओं व मतदाताओं ने भरपूर सहयोग किया और डबल इंजन वाली सरकार बना मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए विष्णु देव साय की सरकार सायं सायं कम कर रही है। महिलाओं को 1000 रुपया देने की बात पूरी की गई।

### जिले में नया ...

पुलिस द्वारा निरीक्षक परिवेश तिवारी थाना प्रभारी भाटापारा शहर के नेतृत्व में बार-रूम भाटापारा में पुलिस एवं बार काउंसिल के अधिवक्ताओं के मध्य चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नया कानून जागरूकता के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं के मध्य सार्थक परिचर्चा हुई, जिसमें अधिवक्ताओं द्वारा नए कानून में निहित विभिन्न प्रक्रियाओं को सामने रखते हुए, उनकी कार्यप्रणाली एवं नियमों के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में बार काउंसिल भाटापारा के अध्यक्ष श्री अनिल तिवारी, सचिव एवं भाटापारा शहर के अधिवक्तागण शामिल हुए।

**इसमें पाये जाते हैं ग्लूकोसाइट-टिनोस्पोरिन, पामेरिन और टिनोस्पोरिक एसिड**

# मौसमी रोगों के बचाव में उपयोगी है गिलाये



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

मानसून का मौसम खांसी, जुकाम, मलेरिया, चिकनगुनिया के साथ–साथ कई तरह के संक्रमणों की आशंका लेकर आता है। इसलिए इस दौरान बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं। इस मानसूनी संक्रमण से बचने के लिए अच्छी डाइट के साथ–साथ कुछ विशेष जड़ी–बुटियों का इस्तेमाल भी करना चाहिए, जो हमें इस मौसम में बीमार होने से बचाती है। गुडुचीं या गिलोय एक बहुत ही फायदेमंद जड़ी–बूटी है। इसको देशी भाषा में अमृता भी कहते है और इस नामकरण के पीछे इसके अमृत जैसे गुण ही है। इसे गिलोय इसलिए कहते हैं, क्योंकि इसमें गिलोइन नामक ग्लूकोसाइट और टिनोस्पोरिन, पामेरिन और टिनोस्पोरिक एसिड भी पाए जाते हैं। गिलोय में कॉपर, आयरन फास्फोरस, जिंक, कैल्शियम और मैग्नीज का भी पर्याप्त भंडार होता है।

### कई रोगों में कारगर

गिलोय हमें ना सिर्फ कई तरह के संक्रमणों से बल्कि कब्ज, गैस जैसी खान–पान संबंधी बीमारियों से भी बचाता है। इसमें हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का जबरदस्त गुण होता है। इसलिए कोराना के दौरान लोगों ने इसका बहुत ज्यादा सेवन किया था। चूंकि मानसून का मौसम बेहद संक्रामक होता है। इसलिए इस मौसम में स्वस्थ रहने के लिए गुडुची का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। यह डायबिटीज की समस्या में भी हमारे लिए मददगार होती है। चूंकि इसकी तासीर गर्म होती है, इसलिए मानसून के मौसम में सुबह शाम चाय के रूप में इसके काढ़े का सेवन हमे दिनभर एनर्जेटिक बनाए रखता है और हम जो कुछ खाते हैं। वह आराम से पच जाता है। गुडुची के नियमित इस्तेमाल से हमारी भूख भी बढ़ती है। गिलोय का जूस हमारे दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से डेंग, स्वाइन फ्लू और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। इसका जूस सिर्फ बीमार होने पर या संक्रमित हो जाने पर ही असरकारी नहीं होता बल्कि सामान्य स्थितियों में भी इसके इस्तेमाल से हमारा शरीर फोडे, फुंसियो, रक्तविकार और कई तरह की त्वचा संबधी परेशानियों से बचा रहता है।

## खबर संक्षेप



### ज्ञान गंगा स्कूल में मनाई बघेल की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती मनाई गई। जिसमें शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल आदि ने कहा कि डॉ खूबचंद बघेल ने अपना पूरा जीवन छत्तीसगढ़ के हितचिंतन में लगा दिया और अपने विचार मूल्यों से छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### तेंदूकोना में रोजगार मार्गदर्शन एवं अभिनंदन समारोह कल

**तेंदूकोना।** स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला में रविवार को गुरु पूर्णिमा पर रोजगार मार्गदर्शन एवं अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता पंडित ललित मिश्रा (प्रांताध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज रायपुर) करेंगे व विशेष अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच देववंतीन दिलीप दीवान, मानसिंह दीवान, दिनेश अग्रवाल एवं हरिनारायण दीक्षित आदि उपस्थित रहेंगे। इसी तरह एक्सपर्ट अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग महासमुंद से रेखराज शर्मा, कृषि विश्वविद्यालय से साकेत दुबे महासमुंद, सफल व्यापारी प्रखर शर्मा रायपुर, खेल विभाग से आलोक द्विवेदी बागबाहरा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अमित शर्मा रायपुर, असिस्टेंट कमिशनर कांत शुक्ला खैरागढ़, पुलिस विभाग से प्रतिभा पांडेय महासमुंद, संगीत कला क्षेत्र से जेपी शर्मा रायपुर व गजेंद्र प्रसाद तिवारी गुल्लू (आरंग) उपस्थित रहेंगे। इस दिन सुबह 9 बजे गुरुपूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। बाद 11 बजे अतिथियों का स्वागत, 2 बजे तक अतिथियों का मार्गदर्शन, 2 बजे से भोजन पश्चात अतिथियों का सम्मान एवं विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। पंडित भागीरथी दुबे (प्रदेश अध्यक्ष पुरोहित मंच छग) ने क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को कामदेव पिता ऋषि (19) निवासी ग्राम घोघरा घोंच, तेंदूकोना ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल को शाम करीब 8 बजे लेखराम दीवान पिता उभय राम निवासी ग्राम जामपाली कमरौद सड़क हादसे में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### पचरी में घर के बाहर से बाइक चोरी

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी में घर के बाहर खड़ी मोटर सायकल चोरी हो गई, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पचरी निवासी विमल कुमार डड़सेना अपने बड़े भाई ईश्वर प्रसाद डड़सेना की मोटर सायकल सीजी 06 जीजे 1248 कीमत 20,000 रुपए को 3 जुलाई को रात्रि में करीब 8.30 बजे अपने घर के बाहर हैंडिल लॉक कर खड़ा किया था। सुबह देखा तो मोटर सायकल घर के बाहर नहीं थी, किसी ने उसे चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# कलेक्टर की सख्ती पर सभी प्रकरणों का तत्काल हुआ निराकरण

## डोंगरीपाली में लगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

नगर में प्रशासन की महत्वपूर्ण परियोजना स्वरूप जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आगाज जिले के दूरस्थ ग्राम डोंगरीपाली से किया गया। कलेक्टर ने कार्यक्रम में मंच से सभी अधिकारियों को कहा कि इस निवारण शिविर में सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद हैं, इसलिए निराकरण होने वाले सभी कार्य को पूरा करना होगा। उन्होंने ऐसे सभी कार्यों को शिविर में पूरा कराया और निराकरण किया। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा, जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में खानापूर्ति नहीं चलेगी। शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीण कलेक्टर के इस कार्य से खुश नजर आए।



### छात्राओं को साइकिल बांटी गई

कलेक्टर ने स्कूली छात्राओं को सरस्वती सायकिल प्रदाय योजना अंतर्गत सायकिल का वितरण किया। इसके साथ साथ विभिन्न प्रमाण पत्र, चेक, विभागावार योजनाओं से लाभान्वित सामग्री का वितरण हितग्राहियों को किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विभागों ने प्राप्त आवेदनों और निराकरण की जानकारी मंच पर दी। कार्यक्रम में कलेक्टर धर्मेश साहू ने अमरूद का पौधारोपण किया। खेत में कृषि विभाग द्वारा ड्रोन से खाद का छिड़काव किया गया। मंच में उपस्थित अतिथियों में विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े, विलास सारथी, बरमकेला ब्लॉक के जनप्रतिनिधि, एसपी पुष्कर शर्मा, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला स्तर के सभी अधिकारीगण, एसडीएम अनिकेत साहू सहित बरमकेला ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी, ग्रामीण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरू से अंत तक मंच का संचालन बाबूलाल पटेल ने और भोजन व्यवस्था डोंगरीपाली के सरपंच द्वारा की गई।

ग्रामीणों ने इस शिविर में आवेदन पत्र 10.30 से अपरान्ह 3 बजे तक जमा किए, जिसका निराकरण तत्काल शाम 4 बजे किया गया और सामग्री वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्कूली छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुत दी। विभागावार केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को मंच से दी। अतिथि विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े और कलेक्टर ने शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ बच्चों को दवा पिलाकर किया, वहीं शिशुवती महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण किट वितरण किया गया।

## सांसद बृजमोहन ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य परिषद को शपथ ग्रहण कराया

# महाविद्यालयों में होगा रोवर्स, रेंजर्स का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल द्वारा राम वाटिका मौलश्री बिहार रायपुर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के नवीन राज्य परिषद का शपथ ग्रहण कराया। इसमें नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल रायपुर, उपाध्यक्षगण विजय केशरवानी बलौदाबाजार, राजेन्द्र गोलछा राजनांदगांव, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार जांजगीर, लक्ष्मी वर्मा रायपुर, सुनीता संजय बोहरा दुर्ग, ओजस्वी भीमा मंडावी दंतेवाड़ा, कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा रायपुर तथा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव बिलासपुर सहित अन्य पदाधिकारियों को प्रतिज्ञा दिलायी। समारोह को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में स्काउट गाइड की इकाइयों के गठन करने का निर्देश दिया। उन्होंने महाविद्यालयों में भी रोवर्स, रेंजर्स के गठन करने की बात कही। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ द्वारा एक लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया। इस दौरान राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने स्काउट गाइड की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि पौधारोपण अभियान 7 जुलाई से प्रारंभ किया गया है। लगभग 15 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। डॉ. यादव ने बताया कि हाल ही में नेशनल यूथ फोरम का आयोजन कोरबा में किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित नौ राज्यों से रोवर्स, रेंजर्स ने भागीदारी की। शपथ ग्रहण पश्चात राज्य परिषद द्वारा वर्ष 2024–25 की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा अन्य एजेंडों पर भी चर्चा हुई। राज्य परिषद के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन राज्य सचिव कैलाश सोनी ने किया। समारोह में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त द्वय टीकेएस परिहार, डॉ. करुणा मसीह, राज्य संगठन आयुक्त द्वय सीएल चंद्राकर, सरिता पांडेय, पूर्व राज्य सचिव देवेन्द्र साकरे, स्टेट को ऑर्डिनेटर (मेम्बरशिप ग्रोथ) मोहम्मद सादिक शेख के अलावा केआर कश्यप, सूरज कसार, राम खिलावन वर्मा, भूपेंद्र शर्मा, विजय यादव, सुरेश शुक्ला, दिलीप पटेल, बीना यादव, उत्तरा मानिक पुरी, पुष्पा शांडिल्य, बालक दास, देवब्रत मिश्रा आदि की उपस्थिति रही।




## विधायक संदीप ने प्राथमिक स्कूल में अतिरिक्त भवन का लोकार्पण किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंडा

ग्राम सरवाडीह में प्राथमिक शाला में निर्मित अतिरिक्त भवन का शुक्रवार को लोकार्पण मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता में है, बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले इसके लिए संसाधन भी जरूरी है। अच्छे संसाधन से ही शिक्षा का विकास होता है, वहीं शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, देवीलाल बार्वे, सतीश पांडेय, कोमल वर्मा, प्रताप डहरिया, मृत्युंजय वर्मा, रूपचंद मनहरे, बीरेंद्र बहादुर कुर्रे, त्रिभुवन वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मनवा कुर्मी समाज ने मनाई डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज नगर इकाई द्वारा छत्तीसगढ़ के स्वप्न दृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम खूबचंद बघेल चौक गौरव पथ में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सर्व कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने डॉ. बघेल द्वारा मानवता के आदर्श रास्ते पर चलकर संपूर्ण मानव समाज हित के लिए उनके संघर्षों भरी जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन नगर अध्यक्ष नरसिंह वर्मा ने किया, जहां नगर में निवासरत स्वजातीय बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित हुए। इस अवसर पर खोड़सराम कश्यप, टेसूलाल धुरंधर, जामवंत वर्मा, कार्यक्रम संयोजक महेश वर्मा, नगर अध्यक्ष नरसिंह वर्मा, उपाध्यक्ष भिनेश्वर वर्मा, कोषाध्यक्ष माखन लाल वर्मा, छात्रवास प्रभारी गणेश बघमार, डॉ. ओम प्रकाश बघेल, हेमंत टिकरिहा, केके वर्मा, सत्यप्रकाश वर्मा, देवेश वर्मा, माखन वर्मा, अमरनाथ वर्मा, मातृशक्ति में रुबी वर्मा अधिवक्ता, एकता टिकरिहा आदि उपस्थित थे।



# विस घेराव 24 को, प्रदेशभर से जुटेंगे 25 हजार कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य की लचर कानून व्यवस्था, अपहरण, लूट पाट, हत्या एवं विगत दिनों बलौदाबाजार में हुई आगजनी के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 24 जुलाई को विधानसभा घेराव को सफल बनाने की रूपरेखा बनाई है। तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश से 25 हजार लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य तय किया है। विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए सभी जिलों में प्रभारी तय किए गए हैं। सभी जिला प्रभारियों को तत्काल बैठक कर तैयारी का जायेजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उस जिले से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता घेराव में शामिल हों, ये सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। घेराव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला अध्यक्षों को पत्र लिखकर अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने की रणनीति बनाई है। सभी जिलों से अधिक से अधिक लोगों को राजधानी पहुंचने को लेकर टारगेट तय किया गया है। राजधानी रायपुर के मंडी गेट पंडरी में विधानसभा घेराव का कार्यक्रम तय किया गया है। सभी जिला, शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्षों, क्षेत्रीय विधायक, पूर्व विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी दी गई है।

- जिलों में प्रभारियों को दी गई भीड़ लाने की जिम्मेदारी

### वार्डों में की जाएगी अपील

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये गये हैं कि वार्ड में लाउड स्पीकर के माध्यम से आम जनता को इस आंदोलन के बारे में बताकर उनको अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए अपील करें। वहीं शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज इस मुद्दे को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे। यह बैठक कांग्रेस भवन गांधी मैदान में दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी।

# रोपे गए एक हजार फलदार व छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

विगत दिनों नगर पंचायत पलारी के दतान रोड मैदान मुरूम तालाब और बालसमूह तालाब के पास एवं बालसमुद्र गार्डन एवं मार्ग में वृहद स्तर पर कदम, बादाम, नीम, आवला सहित अनेक प्रकार के 1 हजार फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसका विधिवत शुभारंभ यशवर्धन मोनू वर्मा अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी के आथित्य में किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में एक बार पौधारोपण अवश्य करना चाहिए, इससे आक्सीजन के साथ-साथ सभी को शीतल छाया प्रदान होगी तथा धरती के चहूओर हरियाली ही हरियाली नजर आएगी। वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम में जितेंद्र बहादुर पटेल मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अनिल कुमार वर्मा उप अभियंता, महेंद्र कुमार वर्मा सफाई दरोगा एवं नगर की पार्षद राजेंद्र कनौजे टुकेश्वरी वर्मा, डॉ. रामरतन निषाद, पुष्पा बंजारे, सेवती धीवर, नीतू यादव, भूषण यादव पार्षद प्रतिनिधि, राधे वर्मा पूर्व एल्डरमेन सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी महिला समूह, नगर के वृक्ष मित्र सेवा समिति की सदस्य कृष्णा देवांगन, लोकेश देवांगन, परसराम देवांगन, भोज राम देवांगन, प्रताप पाणिग्रही, हेमलाल देवांगन, जितेंद्र देवांगन, नारायण सिंह, डॉ. टेकराम निषाद, राजेंद्र साहू, प्रेम निषाद, राहुल देवांगन, कृष्ण देवांगन, आशीष देवांगन, किशोर धीवर, करण कन्नौजे, टुकेश्वर कन्नौजे, प्रकाश कन्नौजे, योगेश कन्नौजे, खगेश कन्नौजे आदि उपस्थित थे।



# कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल होंगे अंचल के सैकड़ों कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने ग्राम राजादेवरी में बैठक रखकर, समस्त कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की। सबका हाल चाल जाना और प्रदेश कांग्रेस के निर्देश को सबके समक्ष रखा। बैठक में बताया कि उपस्थित समस्त कांग्रेस के जांबाज साथियों ने, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन को, एक मत में स्वीकार कर आगामी 24 तारीख को सैकड़ों की संख्या में रायपुर जाने और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मोहम्मद खान, मुरलीधर मिश्रा, धनीराम नाग, हेमलाल बरिहा, लोकनाथ पटेल, नरोत्तम पटेल, लखन लाल बरिहा, जाम सिंह बरिहा, कृष्ण चंद्र पटेल, सर्विस लाल बंदे, दिगेश कुमार यादव, संतु राम बारिहा, टूपेश्वर पटेल, किशोर साहू, तुलसी साहू, जीवर्धन पटेल, चंद्र सिंह बरिहा, प्रमोद साहू, वीरेंद्र कुमार सेन, बिसाहू राम बरीहा, विजय बरिहा, संतोष पटेल, नंदकुमार पटेल, अमिर दास मानिकपुरी, नंदकुमार केवट, तरुण कुमार, इतवारी राम साहू, लोरीक यादव, हेमलाल पटेल आदि शामिल थे।



## स्कूल को मर्ज होने से बचाने एसएमसी सहित ग्रामीणों की हुई बैठक

# स्कूल में छात्रों की दर्ज संख्या बढ़ाने में जुटी समिति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पवनी

कारीपाट के शासकीय प्राथमिक शाला में दर्ज छात्रों की संख्या बढ़ाने हेतु शाला प्रबंधन समिति सहित गांव के ग्रामीणों की आवश्यक बैठक आहूत की गई।

स्कूल शिक्षा विभाग वर्तमान में जिस स्कूल के छात्र दर्ज संख्या 10 से कम है, उन स्कूलों को नजदीक के शालाओं में मर्ज करने की योजना बनयी जा रही है। इसे देखते हुए शासकीय प्राथमिक शाला कारीपाट के प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना ने एसएमसी, पालक सदस्यों सहित ग्रामीणों की आवश्यक बैठक आहूत की। बैठक में प्रधान पाठक विनोद डडसेना ने बताया कि स्कूल में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या बहुत ही कम हैं जो चिंतनीय है।

भविष्य में ऐसी स्थिति रही तो स्कूल को मर्ज किया जा सकता है। इसलिए बैठक में प्रधान पाठक सहित स्कूल स्टॉप ने ग्रामीणों से अपील की कि जो बच्चे बाहर अध्ययन करने जा रहे हैं उन्हें गांव के स्कूल में नाम दर्ज करवाये, जिससे स्कूल में छात्रों की दर्ज संख्या में वृद्धि हो सके और स्कूल को मर्ज होने से बचाया जा सके। बैठक में एस एम सी के अध्यक्ष संतोष साहू, उपाध्यक्ष संतराम यादव, पालक सदस्यों में–बद्री प्रसाद यादव, भूपेंद्र कुमार साहू, लकेश्वर साहू, तीज राम निषाद, अनीता यादव, लक्ष्मीनबाई यादव, संध्या यादव, राधा साहू, अंजोरी केवट, अमेरिका यादव, पुनीबाई केवट, जानकी साहू, जागेश्वर साहू, समारू साहू, मुकुल लाल साहू, सीध राम यादव, हीरालाल यादव, भूषण साहू, प्यारेलाल साहू, साहेब लाल साहू, भागीरथी केवट, बिहारी लाल साहू, शिव प्रसाद साहू, उदय केवट, परसराम साहू, यादराम यादव, अनीता बाई, गोपी केवट सहित स्कूल स्टॉप प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना, सहायक शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद बघेल उपस्थित थे।



# मानव सेवा संस्थान ने स्कूल में किया पौधारोपण




**लवन।** ग्राम अहिल्दा के शाला परिसर में हमर हरिहर छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के तहत मानव सेवा संस्थान बलौदाबाजार के सदस्य द्वारा पौधारोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर संस्थान के महात्मा दीप्ति बाई, महात्मा विलक्षणाआ बाई और समिति के सदस्य अश्वनी कुर्रे, चंद्र प्रकाश, उत्तम रात्रे, गणेश पंकज, अनिल बंजारे, हरिप्रसाद, अजय गेंदरे, प्रधान पाठक अरविंद कुमार मिश्रा, शालिनी बाजपेई, ईश्वर दास द्वारा पौधारोपण किया गया। भविष्य में शाला परिसर की हरियाली देखकर सघन पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। संस्था के सदस्य द्वारा प्रधान पाठक एवं शिक्षकों को संस्था द्वारा संचालित पत्रिका का वितरण किया गया।